वेलेडिटी आपने पता लगाया है, उनको लाइसेंस कब मिला था, कब उनकी लाइसेंस समाप्त हो चुकी है उसकी जांच आपने नहीं कराया है। कंपनी के आवेदन के 45 दिवस के अंदर जनसुनवाई करवाना है वो भी आप लोग नहीं करवाते है, सालो बाद करवाते है। कंपनी ने जो रिपोर्ट दिया है ऐसा तो नहीं कि कंसलटेंट की गलती से आप कंपनी मालिक को माफ कर देंगे गलती उसने किया है तो जिम्मेदारी तो कंपनी वाले की भी होती है। ये बताये है 27.85 हेक्टेयर जमीन उनके पास है मौजुदा प्लांट में और उसके 33 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण करेंगे तो पूर्व में उनका परियोजना संचालित था तो क्यों उन्होने 33 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण नहीं किया, क्या प्रशासन ने जांच किया उन्होने खुद ही बताया है कि 425 वृक्ष ही है 27.85 हेक्टेयर के क्षेत्र में केवल 425 वृक्ष ही है और जिस तरीके से प्रति हेक्टेयर 2005 वृक्ष होना चाहिये पर्यावरण मंत्रालय के गाईडलाईन के अनुसार उस हिसाब से 23,750 वृक्ष होने चाहिये, केवल 425 वृक्ष है और बता रहे है कि हम और पौधे लगायेंगे, पौधे का क्या मतलब वृक्ष होना चाहिये। आप आपने पौधे रोप दिये, नर्सरी से लाये जमीन पर रख दिये। इनवायरो, पायोनियर के नाम पर जो कंसलटेंट कंपनी है उनको 16 अप्रेल 2022 को लाइसेंस मिला है और उन्होने पर्यावरणीय अध्ययन उसी कंसलटेंट कंपनी ने कराया है 1 मार्च 2022 से 31 मई तक तो हमारा कहना है कि इन्होने पर्यावरणीय अध्ययन डाटाबेस कलेक्शन करने के लिये सौपा उस समय उसको लाइसेंस ही नहीं था उस कंपनी के पास और 21 सितम्बर 2022 तक ही उनका लाइसेंस ही वैध था आज वैध नहीं है जब वैध ही नहीं है तो कंसलटेंट कंपनी कैसे उपस्थित है, या बता दीजिये कि उनको लाइसेंस बाद में मिल गया है ई.आई.ए. रिपोर्ट में तो संलग्न नहीं किया है, हमारी गलती हो सकती है लेकिन बताईये ना कि आप झुठ बोल रहे है, इसका स्पष्टीकरण आपको देना चाहिये। जनसुनवाई का यह मतलब नहीं है कि आप मौन रहे, आप जवाब तो दे दीजये कि कंसलटेंट का वैध कब था, अभी है क्या वैध। उन्होने अपनी ई.आई.ए. रिपोर्ट में बताया है उन्होने खसरा नंबर 17 दिया है वो बताया है कि वो हमारा है वो बता रहे है कि खसरा नंबर जो जमीन दिया है वो 27.85 हेक्टेयर में है और मौजुदा प्लांट में है और उन्होने बताया कि वो सब जमीन डायवर्टेड है और कंपनी के स्वयं की है। सरकारी पत्र व्यवहार भी होता है तो हम मान लेते है। मैं आपको बता रहा है जो 17 नंबर दिया है उसमें खसरा नंबर 2 शासकीय भूमि है इनकी नहीं है, खसरा नंबर 3 प्रस्तावित उद्योग का नहीं है वो भूमि चंद्रसिंह जी का है जो गोड़ जाति के है जिसको हम आदिवासी बोलते है। खसरा नंबर 5/1 संजीव कुमार उपाध्याय जी का है, खसरा नंबर 5/2 मिथिलेश तिवारी जी का है अगर चंद्रसिंह, संजीव कुमार, मिथिलेश आदिवासी अगर उनके कंपनी के मैनेजर होंगे, कंपनी में काम भी करते होंगे, मालिक भी होंगे तो कंपनी के नाम पर जमीन नहीं है। खसरा नंबर 27/1 वो भी उद्योग का नहीं है शासकीय भूमि है, खसरा नंबर 27/2 वो भी इस उद्योग का नहीं है वो भी शासकीय भूमि है, खसरा नंबर 27/3 वो भी उद्योग का नहीं है वो भी शासकीय भूमि है, उन्होने खसरा नंबर दिया है 30/1, 30/3, 30/4, 30/5, 30/6, 30/7 ये जमीन

डायवर्टेड है और वो जमीन सालासर स्टील स्पंज प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर है सालासर स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड के नाम पर नहीं है आप कहेंगे एन.सी.आई.टी. से खरीदा है तो इसका मतलब है कि ये जमीन किसी दुसरी कंपनी के नाम का और आपने खरीदा जिसका मतलब जिस समय संचालित था तो उस समय भी गलत संचालित था आपने उसको खरीदा और नाम परिवर्तित नहीं कराया ये गलत है और जनसुनवाई कराने, पर्यावरण स्वीकृति के लिये आ गये इतनी गड़बड़ियां के बाद भी जिला प्रशासन सो रहा है। गौर करने वाली बात है कि हमारा जो पर्यावरण मंत्री है वो किसी समय कलेक्टर भी थे। उन्होने चुनाव के समय कहा था कि मेरे रहते जिले में पर्यावरण का नुकसान नहीं होगा, कोई प्रदूषण नहीं फैला पायेगा लेकिन चुनाव तो जीत गये झुठ बोलकर और आज जनसुनवाई पर जनसुनवाई करवा रहे है। क्या पर्यावरण अधिकारी को नहीं मालुम, सरकार को नहीं मालुम, बिना सरकार के आज्ञा की जनसुनवाई हो रही है, जनता हिसाब लेगी आने वाले दिनों में। उन्होने खसरा नंबर 89/3, 89/4, 90/2, 91/2 का भी उल्लेख किया है जिसमें वो काबिज है बता रहे है और जिसमें क्षमता विस्तार के बाद प्लांट स्थापित करेंगे बता रहे है, वो भी उद्योग का नहीं है लेकिन रिपोर्ट में जिक्र किया है। मौजुदा प्लांट के भीतर केवल डायवर्टेड लैण्ड की बात करेंगे तो 17.609 हेक्टेयर है 27.85 हेक्टेयर में कंपनी लगेगा इनका विस्तार होगा तो वैसे भी 10 हेक्टेयर जमीन कम हो रहा है और भू–स्वामी भी ये सालासर स्टील नहीं है स्पष्टीकरण आप लीजियेगा की कैसे ये दूसरे के नाम पर है और कैसे आपने ज्यादा जमीन बताया है। पहले भी मैने बताया है कि कंसलटेंट कंपनी को लाइसेंस उस दौरान नहीं मिला था जब ये पर्यावरण अध्ययन किये इस क्षेत्र में। ये ई.आई.ए. रिपोर्ट झुठी बनी है। पर्यावरणीय प्रक्रिया पर रोक लगाई जा सकती है। हमने पहले भी बताया है ये बोले है एक तिहाई क्षेत्र में वृक्षारोपण करेंगे, वृक्षारोपण पहले हो जाना था वो नहीं हुआ है वो भी उल्लंघन है और प्रशासन को जांच करके कार्यवाही करनी चाहिये। इस परियोजना प्रशासक ने कंसलटेंट कंपनी जो अवैध है 10 किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण अध्ययन कराया उन्होने बताया है कि बंजारी माता मंदिर वो 4.75 किलोमीटर दूर और आप जनसुनवाई यहा करवा रहे है। परियोजना स्थल गांव गेरवानी है जो रायगढ़ तहसील में है और ये जनसुनवाई स्थल ग्राम–तराईमाल में आता है जो तमनार तहसील में है इतना भारी अत्याचार आप लोग कैसे करते है। ई.आई.ए. रिपोर्ट में बताया है कि किरोड़ीमल नगर स्टेशन वो 24.5 किलोमीटर सड़क मार्ग से है क्या जरूरत है, रेलवे रायगढ़ स्टेशन का दर्ज नहीं कर सकते क्यों? क्योंकि वो 10 किलोमीटर के दायरे में आ जायेगा। पर्यावरण मंत्रालय ने कहा है कि समीप का जो रेलवे स्टेशन हो उसका नाम दर्ज करो उन्होने रायगढ़ स्टेशन का नाम ही दर्ज नहीं किया, घनी आबादी को उन्होने हटा दिया, नगर निगम को हटा दिया। 2.5 लाख से 3 लाख जनसंख्या है रायगढ़ में उसको वो खा गये और किरोड़ीमल नगर को सड़क मार्ग से 24.5 किलोमीटर बता दिया। जब आदमी गलती करता है तो कही ना कही पकड़ाता है, हम भी अपराध करेंगे तो पकड़ायेंगे वो प्रकृति का नियम है उन्होने गलती किया है और

कहा है निकटतम हवाई अड्डा जिंदल हवाई पट्टी 6.5 किलोमीटर, जिंदल की हवाई पट्टी 6.5 किलोमीटर है तो पतरापाली, भगवानपुर ये भी तो 10 किलोमीटर में आ गये वो तो नगर निगम के वार्ड है, शहरी क्षेत्र है इसकी जानकारी नहीं दिया। ग्रीन बेल्ट विकसित करना एक तिहाई में जरूरी है कितना पर्यावरण का नुकसान हो रहा है उसके बाद भी कोई कंपनी पालन नहीं कर रहा है, पुरे जिले का पर्यावरण बरबाद हो चुका है। मै पहले भी बोला उसको फिर से बोल रहा है इन्होने 27.85 हेक्टेयर के जमीन के लिये जो बताया है उन्होने कहा है कि प्राईवेट लैण्ड नहीं है मैं पढ़ दिया पहले आदिवासी का है, ब्राम्हण का भी है, शासकीय जमीन निल बताया है। इन्होने जानकारी दी है कि जो प्रभावित जोन है उन्होने कृष्णापुर को 6.5 कि.मी. बताया है, उर्दना को 7.6 किलोमीटर बताया है, भगवानपुर 8.5 किलोमीटर बताया है, लामीदरहा को 9.3 किलोमीटर बताया है, रामपुर 9.5 किलोमीटर बताया है और गेजामुड़ा जो जिंदल कंपनी के भी उस तरफ है, पतरापाली को नहीं दिया गेजामुड़ा का दर्ज है वो 9.6 किलोमीटर, कलमी 9.6 किलोमीटर, परसदा 9.7 किलोमीटर जो जिंदल के आगे है मगर जिंदल बस्ती को जिंदल का अस्पताल है इतना बड़ा हास्पिटल हजारो लोग ईलाज करवाते है इस अस्पताल का जिक्र इन्होने नहीं किया, बरमुड़ा गांव सब जानते है कोसमनारा में बाबा जी का मठ है, हजारो लोग जाते है उसके पास है बरमुड़ा गांव ये जिंदल के प्लांट के उस तरफ है तो ये जो गांव बताया है वो शहरी क्षेत्र में है। इनको नाबर्ड ने लाईसेंस दिया है पायोनियर इन्वायरो लेबोरेटरी कंसटेंट प्राईवेट लिमिटेड को उन्होने दिया है 16 अप्रेल 2022 को जिसका वैधता 21 सितम्बर जो इनको दिया है उसी को देखकर बोल रहा हूँ उस समय इनको लाइसेंस नहीं मिला था और पहले मिला था बो देना था जानकारी और आज वो उपस्थित हो रहे है तो आज भी उनके पास वैधता प्रमाण–पत्र नहीं है। इन्होने जो रिपोर्ट में खसरा नंबर दिया है उसके साथ कुछ अतिरिक्त खसरा नंबर का भी जानकारी इन्होने दिया है कि उसमें शासकीय जमीन भी है निजी जमीन भी है, एन.आर. इस्पात का भी 3.5 एकड़ के आस–पास जमीन है, एक जमीन भागीरथी, पिता बुद्धिराम का है, एक मुनुदाई पति हरि का भी नाम है। ये 29.775 हेक्टेयर में कंपनी का कब्जा है ये मैने अपने स्तर पर जानकारी निकाला है आप जांच करा लीजिये और फिर इनको पर्यावरणीय स्वीकृति देने के लिये ऊपर शासन को भेजे आज इन सब का कागज आपको दे रहा हूँ इस सभी चीजो का स्पष्टीकरण मांगे अगर इनका स्पष्टीकरण संतोषजनक ना हो तो जनसुनवाई का यही रोक लगाकर सुधार करे साल, छः महिना लग जाये और सुधार करके आये उसके बाद हम गुण–दोष के आधार पर बहस करेंगे। एन.सी.आई.टी. से इन्होने जमीन खरीदा जरूर है मगर शासन की गाईडलाईन को पुरा करना था जो नहीं किये है। पर्यावरण का भी हालत खराब है, इतना प्रदूषण इस क्षेत्र में है। ये गेरवानी, तराईमाल, पूंजीपथरा क्या इस क्षेत्र में और कंपनी स्थापित हो सकता है। मैं इसका विरोध करता हूँ, इसकी परियोजना का विरोध करता हूँ, इसके विस्तार के लिये विरोध करता हूँ।

543. राजेश नायक, रायगढ़ – मैं दोनो के धैर्य को प्रणाम करता हूँ। मैं सबको नमन करते हुये विस्तार की जनसुनवाई का विरोध करता हूँ। हम देखते आ रहे है और जनसुनवाई होती जा रही है। ई.आई.ए. में त्रुटी होने के बावजुद कैसे जनसुनवाई हो जाती है समझ नहीं आता। कोई नियम कानुन का अर्थ ही नहीं रहा। सब पूंजी का खेल है और मानव जाति के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यहा कई एजेंसी के द्वारा अध्ययन किया गया है यहा प्रदूषण की मानको को पार कर दिया गया है। आप सब किन मजबुरी में है जो इन कंपनियों का विस्तार करवा रहे है, ना जाने किसकी हुकुमत चल रही है। पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जितनी भी बाते हुई है जिसमें सब को सांस लेने में दिक्कत है, आप को भी दिखाई देता होगा। देख की संवैधानिक व्यवस्था को देखते हुये विस्तार किया जायेगा इसमें ही हम सबकी भलाई है।

544. राधेश्याम शर्मा, रायगढ़ – उपस्थित सभी ग्रामीण, प्रशासनिक अमला, पत्रकार बंधु, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और मंचस्थ अधिकारीगण, कंपनी के सभी समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण मैं सब को सादर प्रणाम करता हूँ। मेसर्स सालासर स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड की इस अवैधानिक जनसुनवाई का विरोध करता हूँ। हमारे पूर्व वक्ताओं ने इसमें जो तकनिकी रूप से विसंगतियां है उन पर प्रकाश डाल दिया है और ये निरंतर एक प्रक्रिया चल रही है कि किसी भी कंपनी की जनसुनवाई होना है। विरोध कितने भी न्यायसंगत तरीके से, कानुनी तरीके से हो कंपनियों को पर्यावरणीय स्वीकृति मिल जाती है। ऐसा इसलिये हो रहा है कि देश की जो व्यवस्था है वो सत्तारूण दल के पास भी नहीं है। इसे ताकतवर विदेश में बैठे लोग जो पुरे विश्व के देशो को संचालित कर रहे है उनके ऊपर में निर्धारित करता है कि इस देश में इस वक्त क्या परिस्थिति निर्मित करनी है पुरे विश्व में विकसित देशों को क्या–क्या चीजों की जरूरत होती है वो विकासशील देशों से या पिछड़े देशों से उनके खनिज का दोहन करके या वहां औद्योगिक प्लांट लगाकर हासिल लेते है। हम 1947 को निश्चित रूप से सब मानते है कि हमें आजादी मिल गई लेकिन हमारे पूर्वजो ने जो सहादत दी है उस सहादत के बाद अगर 15 अगस्त 1947 को आजादी हुई है तो आजाद देश में यहा के संविधान का परिपालन होना चाहिये था, कानुन का पालन होना चाहिये था जिसके लिये शासन–प्रशासन के लोग, लोगो की नियुक्ति हुई है परन्तु इस 77 वर्षो में और संविधान बनने के पश्चात संविधान का पालन नहीं हुआ है। विकास के लिये औद्योगिक विकास भी जरूरी है। एक देश को पूर्ण रूप से समर्थ होने के लिये जिन–जिन चीजो के लिये विकास करनी चाहिये वो विकास होनी चाहिये और औद्योगिक विकास के लिये हम विरोध करते है ऐसा नहीं है, नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है, कानुन का पालन नहीं हो पा रहा है, संविधान का परिपालन नहीं हो पा रहा है इसलिये विरोध है और विरोध में जितने जागरूक लोग आयेंगे और जिन–जिन बिन्दुओं में विरोध दर्ज करवायेंगे वो पर्यावरण मंत्रालय में दिल्ली में बैठे भ्रष्ठ लोग है उनकी लेन–देन बढ़ जायेगी वो बता देंगे बिन्दुवार कि आपके मे ये–ये खामियां है, जनसुनवाई के प्रोसेडिंग उनके टेबल में है तो दुकान जैसे चलता है पर्यावरण मंत्रालय भी

वैसे ही चल रहा है, देश का मंत्रालय, सरकार चल रही है वो सिर्फ ये देखंते है कि जनता ने किन बिन्दुओं पर विरोध किया है उसके हिसाब से लेन–देन होगा, उसके हिसाब से आपको क्लियरेंस मिलेगा, क्लियरेंस के लिये कोई जनता का विरोध काम आ रहा है ऐसा नहीं। कभी–कभी कुछ लोग कानुनी कार्यवाही लड़ते है और जनसुनवाई की प्रक्रिया को या जनसुनवाई होने के बाद यह पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के बाद भी रद्द हो जाती है तो वो बहुत ही कम है, उसका अनुपात बहुत कम है वो फिर से जनसुनवाई करवा लेते है, फिर से अनुमति मिल जाती है, लेकिन जिन कानुनी बिन्दुओं पर जनसुनवाई या उसके स्वीकृति जो रद्द होता है तो निश्चित रूप से जो कानुन का परिपालन नहीं हुआ है, जिन अधिकारियों के द्वारा नहीं किया गया है क्या आज तक भारत के इतिहास में कोई प्रशासनिक अधिकारी, आयोग में बैठा अधिकारी कभी दण्डित नहीं हुआ है, तो भारत के लोगो को जो गलतफहमी है कि हम आजाद है, प्रशासनिक अमले को भी लगता है हम प्रशासनिग अधिकारी सब गुलाम है। अगर गुलामी नहीं रहती तो यहा पीठासीन अधिकारी को मेरे जैसे लोग बहुत ही अनर्गल बात बोलते है उनको सहना पड़ता है, क्यों सहना पड़ता है, क्योंकि इनका नियंत्रण ऊपर से है इनको बोल दिया गया है कि गाली बके, तुम्हारे परिवार को गाले बके तुमको सुनना है और पुरा करवाना है, प्रक्रिया कम्प्लिट ही करवाकर तुमको उठना है इसी एवज में तुम नौकरी कर रहे हो नहीं तो नौकरी नहीं करोगे और कई अधिकारी यदा–कदा सिस्टम के विपरित जाते है तो आई.पी.एस. राहुल शर्मा जैसे गोली मारकर उनकी हत्या कर दी जाती है और हत्या के बाद पुरा पुलिस विभाग मौन हो जाता है कि हत्या है या आत्महत्या वो नहीं जानना चाहती है, सी.बी.आई. भी अपना खानापुर्ति कर देती है, कैसे विरोध करेगा आदमी। राहुल शर्मा की हत्या भी इसी औद्योगिकीकरण की कड़ी है जिसके विरोध में उनकी हत्या सुनियोजित तरीके से उस समय में शासन, प्रशासन में बैठे ताकतवर लोग थे उनके द्वारा हत्या हुई। सरकार बदली, भूपेश सरकार कांग्रेस की सरकाई आई और उन्होने कहा की हम इसके लिये एस.आई.टी. बैठा देते है और 5 सीनियर आई.पी.एस. की एस.आई.टी. बैठा दी अभी तक रिपोर्ट नहीं आया। भूपेश बघेल जी को भारतीय जनता पार्टी के ऊपर जितना दबाव बनाना था बना लिया इसलिये वो आज स्वतंत्र है, बाकी उनके लोग ई.डी. के गिरफ्त में है ना, सब कुछ समझौता के तहत चल रहा है। अगर भारत का कोई आदमी, कोई प्रशासनिक आदमी, कोई न्यायायिक अमला, कोई संविधान का ज्ञाता यह बता दे कि मैं उस आजादी के अनुबंध को जानता हूॅ जिसमें भारत आजाद हुआ है। मैं दावा करता हूॅ कि इस देश का प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और न्यायायिक पदो में बैठे लोग चाहे वो हाईकोर्ट, सुप्रिम कोर्ट क्यों ना हो वो नहीं बोल सकते कि उस अनुबंध को हमने जाना है, समझा है, क्योंकि आजादी नहीं है। इसलिये आज अंधाधुन औद्यागिकीकरण हो रहा है वो एक कंपनी सालासर से नहीं हो रहा है। मैं 23 साल से जब मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ का विभाजन हुआ आज पीठासीन अधिकारी बैठे है सारे पुराने रिकार्ड उठा कर देख ले कि एक भी जनसुनवाई विधिसम्मत हुई है क्या? जनसुनवाई में पीठासीन अधिकारी

और पर्यावरण अधिकारी से कोई प्रश्न करता है तो नियमों के तहत उनको निराकरण करना चाहिये, तो जो जनसुनवाई पूर्ण रूप से अवैधानिक है उसका वो कैसे निराकरण करेंगे। इसलिये ओम शांति, मौन रह जाओ, मौन रहने का ही दबाव है, वो दबाव किसी भी प्रकार का हो सकता है। आर्थिक हो सकता है, भय हो सकता है, जब एक आई.पी.एस. को गोली मार सकते है, हाईकोर्ट के जजो की हत्या हो सकती है तो इस देश में विरोध कैसे होगा। जीने के लिये सब इच्छुक है लेकिन भय का वातावरण है यही कारण गुलामी है। जनसुनवाई का जो मापदण्ड है, अभी साहब बोले कोई आपत्तिकर्ता, विरोधकर्ता है, सहमतिकर्ता है वो आये अन्यथा ये जनसुनवाई बंद कर देंगे। ये क्या जो पर्यावरण मंत्रालय में बैठे अधिकारी है वो नहीं बता सकते कि इसका क्या नियम है, कितने बजे से लेकर कितने बजे तक चलना चाहिये लेकिन हम मानते है कि शासकीय जो कार्य होता है वो 10 से 5 बजे तक होता है, 5 बजे तक धैर्य से बैठिये ना जाने कौन कितने दूर से आ रहा है, हम कई जनसुनवाई में गये है उससे पूर्व बंद हो गया है, हम वंचित रह गये है तो क्या नागरिकों के अधिकारों से वंचित करने का अधिकार प्रशासन को मिला हुआ है, प्रशासन जनता के अधिकारों का हनन करने के लिये बैठी है, आपका जो कर्तव्य है उस कर्तव्य का आप पालन करे। यहा कोई आपत्ति दर्ज करता है, नहीं करता है ये जनमत संग्रह की प्रक्रिया है, अगर चुनाव होता है, सरकारे बनती है तो वहा जो पीठासीन अधिकारी होता है वो नहीं बोलता वोट डालने नहीं आ रहे है चलो 1 बचे भग जाओ, क्यों नहीं बोलता उसके लिये अलग नियम है, इसके लिये अलग नियम है ऐसा नहीं है। शासकीय कार्य की जो अवधि है वहीं उसका समय है। अगर जनसुनवाई के लिये समय निर्धारित नहीं हुआ है तो मैं पीठासीन अधिकारी और पर्यावरण अधिकारी से निवेदन करूंगा कि मेरे इस बिन्दु को नोट किया जाये और पर्यावरण मंत्रालय भेजा जाये कि इसके लिये एक निश्चित समय–सीमा निर्धारित किया जाये, क्योंकि दूसरे राज्य में हम जाते है 2 दिन, 3 दिन तक जनसुनवाईयां चलती है और ये छत्तीसगढ़ है, पुरा देश तो गुलाम है, हम गुलाम की स्थिति में है, यहा हम कुछ बोलेंगे तो उसको कोई मानेगा नहीं और उसको सीधा एक खाचा में कि ये विरोध करता है ये विरोधी है तो क्या इस प्रदेश में कहीं कोई प्रदूषण नहीं है। क्षमता विहिन मार्गो पर जो औद्योगिक वाहन चल रहे है जिसमें आम मनुष्य को चलना था, जिसकी क्षमता औद्योगिक इकाईयों के बढ़ते–बढ़ते वो भी बढ़ जानी थी वो भी नहीं बढ़ा है। प्लांट चल रहे है, सी.एस.आर. मद का पैसा होता है वो जनता हित का पैसा होता है तो रायगढ़ में 200 करीब इण्डस्ट्री है अगर ये जनता के हित के लिये इस मद के पैसो को ठीक से खर्च करते तो आप लोग भी गये होते टाटा, भिलाई स्टील प्लांट, इतने बड़े–बड़े प्लांट लगने के बाद भी शहर अगर साफ सुथरा है तो ईमानदारी से उस मद के पैसे का जनता के हित के लिये उपयोग कर रहे है, यहां कौन कंपनी कर रही है बताईये। पीठासीन अधिकारी महोदय दण्डाधिकारी पद में है, जिंदल जो फोर्टिस हास्पिटल चला रहा है वो मद से बना हुआ है उस पर वो व्यापार कर रहा है तो ऐसे यहा परंपरा निर्धारित हो गई है क्योंकि अधिकारी को

38

कुछ नहीं बोलना है, अधिकारी जान गया उसको उसका हिस्सा मिल जायेगा कि आप मौन है। यहा जो स्कूल बनाया है जिंदल ने वो भी उसी मद का है, इंजीनियरिंग कॉलेज वो भी उसी मद का है तो क्या इतने कलेक्टर बदली हो गये, एडिसनल कलेक्टर बदली हो गये किसी को पता नहीं कि वो सी.एस.आर. मद का है और उसको जनता को शासन के सुपूर्द कर देना चाहिये, क्योंकि सरकार कोई राजनीतिक दल नहीं है, सरकार सिर्फ उद्योगपति है, उद्योगपतियों का सामुहिक सरकार है और इनके गठबंधन वैश्विक है, जो वैश्विक स्तर पर गठबंधन होता है, जो व्यापार के लिये अनुबंध होता है उन सभी अनुबंधों के तहत राजनीतिक दलो को चलना पड़ता है। हमको लगता है कि अभी कांग्रेस की सरकार है, बी.जे.पी. की सरकार है ये सब पेटी कांट्रेक्टर है, ये छोटे ठेकेदार है, ऊपर वाले को जब ये लगता है कि इनको बदलना है तो वो बदल देंगे। प्रदूषण से निजात पाने के लिये प्रशासनिक अमला पूर्णतः विफल हो चुका है ऐसे में कैसा होगा? और छत्तीसगढ़ वालो की सहन शक्ति जो देश में सड़क में मरने वालो में सबसे आगे है फिर भी मौन है। रायगढ़ और कोरबा ज़िले में अत्यधिक प्रदूषण है, बिलासपुर, रायपुर भी उसी समकक्ष है। रायपुर के सारे इण्डस्ट्रीयल एरिया को हटाकर वहा से महासमुंद, भाटापारा–बलौदा बजार, बेमेतरा जिला में वहा उनको शिफ्ट किया जा रहा है, क्योंकि नेता लोगो को जिंदा रहना है, बड़े अधिकारियों को जिंदा रहना है, उद्योगपतियों को जिंदा रहना है, आम आदमी मरते है उसके जीवन का क्या अर्थ है। हमारे दीमाक ये निर्धारित रूप से बैठा दिया गया है कि ऐसे ही प्रकृति होती है, तुम मर रहे हो यही तुम्हारा भाग्य है। आदमी बोलता है मेरा संवैधानिक अधिकार ये है, वो है, मेरा संवैधानिक अधिकार अगर मुझे मालूम रहता, और जनता को मालूम रहता तो पीठासीन अधिकारी यहा पर बैठ पाते क्या? इस तंबु पंडाल को यहा से फेक देते, यहा आग लगा देते और छत्तीसगढ़ की जनता जब तक ऐसे कदमों को नहीं उठायेगी प्रदूषण से अपने को नहीं बचा पायेगी, अपने पीढ़ी को नहीं बचा पायेगी, बिल्ली के आगे चुहां कोई क्रांति नहीं करता, वो कर ही नहीं सकता, क्रांति सशस्त्र होती है। छत्तीसगढ़ में जब तक लोग किसान, मजदुर जब तक डंडा लेकर सड़को पर नहीं आयेंगे और कंपनियों में तालाबंदी नहीं करेंगे जो प्रदूषण फैला रहे है तब तक प्रदूषण नियंत्रण नहीं होगा। गांव के लोगो को सड़को पर खड़ा होना पड़ेगा और औद्योगिक वाहनों को रोकना पड़ेगा, उद्योग के परिचालन को रोकना पड़ेगा तब ये हो पायेगा। अगर लोक सोचते है कि देश में न्याय पालिका है तो कोई न्याय पालिका नहीं है, न्यायपालिका सबसे करप्ट है, भ्रष्ट है, अगर न्यायपालिका होता तो स्वस्फुर्त संज्ञान ले लेता सब चीजो का, अगर इतने लोग सड़को में मर रहे है तो सज्ञान ले लेता कि क्यों मर रहे है, क्या कारण है और कमेटी बैठाकर उसके नियंत्रण के उपाय करता। न्यायपालिका में सिर्फ दलाल लोग ही पहुच पाते है वो कैसे संविधान का पालन करवायेगा, वो कैसे कानुन का परिपालन करवायेगा और उसमें कुछ जागृत लोग हो जाते है तो लोया जैसे मारे जाते है। जस्टिस लोया की जैसे हत्या हुई वैसे ही मारे जाते है। बहुत सारे प्रशासनिक अधिकारियों ने हत्या किया वो उस दबाव को सहन

Asal

नहीं कर सकते थे वो जागृत हो चुके थे, उनकी अंतरात्मा जागृत हो चुकि थी और राहुल शर्मा जी जैसे जब सोचे कि यहा जो हत्याये हो रही है, यहा जो गलत काम हो रहे है वो तात्कालिन बड़े नेता यहा के प्रभावशाली करवा रहे है, प्रशासनिक के लोग करवा रहे है, उद्योगपति करवा रहे है, और उनकी भी हत्या हो गई। पुलिस, सेना के जवान सिर्फ उद्योगपतियों, प्रशासनिक अमला के सुरक्षा के लिये है, जनता में भय व्याप्त करने के लिये है, वो और किसी काम के नहीं है। क्या कानुन के दायरे में प्रदूषण फैलाने का अपराध का संज्ञान पुलिस अधिकारी नहीं ले सकता, पुलिस का अधिकारी भी ठेके में आता है। एक एस.पी. आयेगा, वो बोली लगायेगा और वो मुख्यमंत्री तक पहुचेगा, प्रधानमंत्री तक पहुचेगा, ये चैन जुड़ा हुआ है, इस चैन को कैसे तोडा जा सकता है। बहुत से देशों में क्रांतियां हुई है, वैचारिक क्रांतिया पुरे विश्व में कई नहीं हुई। जिनको वेचारिक क्रांतियों का नाम दिया जाता है वो इतिहास गत है। क्रांति सिर्फ ताकत से होती है। यहा 2–5 जनसुनवाई के तंबु में आग लगा दिया जाये, खदेड़ दिया जाये, कितना पुलिस बल होता है, पुलिस बल में भी हमारे लोग है, हमारे परिवार के लोग है वो गोली चला देंगे? लेकिन जनता की उतनी संख्या होनी चाहिये। लेकिन हर आदमी को अपने जीवन, अपने परिवार के जीवन को सौपा है कि शायद मैं रक्षा करूंगा और एक–एक करके जो भेड़–बकरी है, जो मुर्गी कटते है वैसे ही हम मरते चले जा रहे है, रोज सड़को पर लाशे बिछ रही है, मॉ का गोद उजड़ रहा है, बहनों की मांगे उजड़ रही है फिर भी हम मौन है। छत्तीसगढ़ में सभी इण्डस्ट्री अनियंत्रित है। प्रदूषण का जो मापदण्ड है पुरा करना नहीं चाहती, क्यों नहीं करना चाहती क्योंकि उद्योगपति को ज्यादा पैसा कमाना है, अगर मापदण्डों पर अपने उद्योग को संचालित करेगा तो खर्च बहुत ज्यादा आयेगा। उस खर्च की बचत के लिये इतने लोग शहीद हो रहे है, उनको हम शहीद का दर्जा दे रहे है क्या? हमारे सड़को पर हमे चलना चाहिये वहा बड़े औद्योगिक वाहन चल रहे है तो उद्योग के आपूर्ति के लिये यहा जो कोयला है आप हवाई मार्ग तैयार करीये हम क्यों मरेंगे। मैं जो बोल रहा हूं वो बाते राज्य की जो कमेटी है भ्रष्ट कमेटी पर्यावरण संरक्षण मण्डल की वो भी जानते है, बोलते है बाल, बच्चे, परिवार है, नौकरी में आ गये है क्या करे, जैसे हमारे पीठासीन अधिकारी को लगता है कि हम नौकरी में आ गये है क्या करें तो बताईये इनते बड़–बड़े अधिकारी जो दण्डाधिकारी के पद पर है वो गुलाम है उनको ओम शांति बोलकर मौन साधना पड़ रहा है उनको कोई गाली बक दे तो वो उठ कर नहीं बोल सकते कि क्यों गाली बक रहे है। पैकेजिंग में सब काम हो रहा है। पर्यावरण मंत्रालय का एक आदमी अगर जागृत हो जाये तो वो सभी राज्यों की कमेटी को एकत्रित कर सकता है कि पर्यावरण की स्थिति कहां–कहां कैसी है, किन जिलो में कितनी है, कहा की कैपेसिटी पुरी हो चुकि है और नियंत्रण के क्या–क्या उपाय होना चाहिये। मैं जितने कलेक्टर आते है उनसे निवेदन करता हूँ कि जनता की एक कमेटी बना दीजिये। इण्डस्ट्रीयल जो बेल्ट है, उनके गांव है, शहर है वहा एक कमेटी बैठा दीजिये वो अपनी रिपोर्ट पर्यावरण विभाग को सबमिट करेंगे जो कानुन का उल्लंघन कर रहे है उनको दण्डित करे,

उनको बंद करने का जो प्रावधान है उसको करे। सामान्य रूप से हमको लगता है कि ऐसे ही मर रहे है, बीमारी में कितने लोग मर रहे है। अगर मै किसी को धीरे–धीरे स्लोपाईजन दे रहा हूँ तो मरेगा ना, वो भी तो हत्या है, वो तो सुनियोजित सड़यंत्र के तहत हत्या है तो ये सुनियोजित सड़यंत्र हत्या में दिल्ली के पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्र की सरकार या राज्य की सरकार, यहा का पर्यावरण संरक्षण मण्डल सब एक है और उद्योगपति इन्हे संचालित कर रहे है। हम बोलते है मोदी जी प्रधानमंत्री है, द्रौपति मुर्मु जी राष्ट्रपति है कोई कुछ नहीं है, सब गुलाम है और गुलाम को गुलामी स्थिति में काम करना पड़ता है। मृत्यु का भय सब को है क्योंकि 1947 की आजादी का पता ही नहीं है कि हम आजाद हुये कि नहीं हुये तो कैसे आप दावा कर सकते है कि मैं आजाद हूँ, फहराईये झण्डा 15 अगस्त और 26 जनवरी को भारत माता की जय बोलिये, भारत आप जिसको देश बोलते है राष्ट्र का दर्जा नहीं है आप संविधान के पन्नो को उठाकर देख ले कि कहा पर भारत को राष्ट्र बोला गया है। अंग्रेज से पूर्व यहा के राजा को जो विदेशी ताकते करवाई उसके बाद अंग्रेज लोग काबिज हुये तो ये राज्यों का समुह था वो राज्यों को सबको बोला गया कि 15 अगस्त से पहले अपना–अपना राज्य बना लो तो भारत कोई देश नहीं है और जय श्रीराम बोलने से किसी की रक्षा नहीं हो जायेगी, विश्वास करते रहो आप मोदी जी रामचंद्र जी के अवतार है तो रामचंद्र जी किसी की रक्षा नहीं करेंगे। देश के लोगो को, प्रदेश के लोगो को अब सिर्फ एक मार्ग बचा है सशस्त्र क्रांति वो शस्त्र चाहे किसी भी प्रकार का हो जब तक वो प्रशासनिक अमले को रोक नहीं पायेंगे ऐसे प्रदूषण के शिकार होते रहेंगे, सड़क दुर्घटना के शिकार होते रहेंगे और अंधाधुन औद्योगिकीकरण होता रहेगा। पर्यावरण मंत्रालय में एक आदमी भी जिंदा है जिसके गले में पट्टा नहीं है तो इस जनसुनवाई को निरस्त करें। इस जनसुनवाई को पीठासीन अधिकारी महोदय थोड़ी ना निरस्त करेंगे, कार्तिकेय गोयल जी निरस्त करेंगें क्या? कार्तिकेय गोयल जैसे बहुत सारे लोग आये, ये हर्षमंदन जी नहीं है, ये विश्वकर्मा जी नहीं है, ये डॉक्टर राजू नहीं है, उनके कार्यकाल में स्वयं यहा जिला दण्डाधिकारी उपस्थित होते थे और बिन्दुवार जो जानकारी देते थे इसी पीठासीन अधिकारी के कुर्सी में बैठकर वो जनसुनवाईयों को निरस्त किये। आर रायगढ़ के इतिहास को देख लीजिये यहा 3 दर्जन से ज्यादा जनसुनवाई स्पाट में निरस्त हुई है। पहले लोग लड़ते थे, अब मैं नेता हूँ मुझे पैकेज मिल गया मैं यहा आउंगा, भाषण दूंगा और घर चला जाउंगा। मेरे को किसी से मतलब नहीं है कौन मरता है, कौन जिंदा रहता है। अब कौन लगायेगा आग, कौन उठायेगा शस्त्र तो शायद अब मैं बुड़ा हो चला हूँ अब मेरे पास कोई काम नहीं है, अब मेरे को लगता है कि शस्त्र उठा लेना चाहिये यही मेरे लिये मार्ग बचा है और मेरे को सार्वजनिक मंच में घोषणा करना चाहिये कि मैं सशत्र क्रांति की ओर बढ्ढुंगा क्योंकि देश में संविधान का पालन नहीं हो रहा है, कानुन का पालन नहीं हो रहा है तो सिर्फ एक ही मार्ग है शस्त्र क्रांति। मुझे जाना चाहिये उन उग्रवादियो संगठनों से ताकत लेने के लिये उन नक्सलियों से कि मेरी जीवन रक्षा करने के लिये इस देश का कानुन,

न्यायपालिका, प्रशासन, शासन सब ध्वस्त हो चुके है अब मैं जिंदा रहना चाहता हूँ और मुझे ताकत दो। इस बात को भी नोट किया जाये पर्यावरण मंत्रालय के लिये कि अब जनसुनवाई का नाटक बंद होना चाहिये देश में, जिसको जो जहां लगाना है लगाये, काहे इतना नाटक, इतने सारे पुलिस के अधिकारी, प्रशासनिक अमला जनता क्यों हलाकान हो जब मरना ही है, आप लोगो को मारना ही है हमको तो आप कही भी मौत का कारखाना डालिये, बंद कर दीजिये ये नाटक आगे जारी नहीं होना चाहिये और आगे जारी होगा तो मेरे जैसा आदमी जो अभी घोषणा किया हूँ मेरे पास बल कम है, मेरे पास लोग नहीं है लेकिन इस बुड़े शरीर में जितनी शक्ति है मैं विरोध करूंगा और जनसुनवाई अब नहीं होने दूंगा। मैं जो अपराध करूंगा उसको मैं अभी से घोषणा करने जा रहा हूँ कि मैं अपराध करूंगा, अपराध करने के लिये बाध्य करने वाले इस देश के शासन, प्रशासन, न्यायपालिका, उद्योगपति होंगे। मेरा बाकि का उम्र जेल में बीत जायेगा, मैं 22–23 वर्षो से जेल जा रहा हूँ मैं आराम से वहा कीर्तन, भजन करूंगा मेरे को पिड़ा नहीं होगी, मैं देख रहा हूँ मेरे को पिड़ा होती है, मैं कुछ नहीं कर पा रहा हूँ क्योंकि जिन न्यायालयों के पास हम जाते थे वो न्यायालय अब मौन हो जाते है, वो न्यायधीश मौन हो जाता है और उल्टा–सीधा तर्क देने लगते है तो हम तो पढ़े–लिखे नहीं है, उतना कानुन जानते नहीं, संविधान को जानते नहीं और ज्यादा हम जिद करेंगे तो पुलिस बल का उपयोग करेंगे। पहला एक ऐसा समय था कि 2004 में जिंदल के विरूद्ध उसकी जनसुनवाई को देश में पहला न्यायालय निचली अदालत सी.जी.एम. कोर्ट ने स्थगन दे दिया था। आज तक भारत देश के इतिहास में पीठासीन अधिकारी को मालूम होगा कि भारत के इतिहास में पर्यावरण से संबंधित मसले को सिर्फ उच्च न्यायालय ही सुनता है लेकिन अंतर्भुत शक्तियां सभी न्यायालय के समतुल्य है। माननीय उच्चतम न्यायालय की जो शक्तियां है वो निचली अदालत में बैठे न्यायाधिस के पास अंतर्भुत शक्तियां वही शक्तियां है सिर्फ भौगोलिक परिक्षेत्र बदल गया है। राष्ट्रपति की जो शक्तियां है वो नायब तहसीलदार की भी शक्तियां है भौगोलिक क्षेत्र का फर्क है, लेकित तहसीलदार साहब मैं तो बहुत छोटा पद वाला हूँ कलेक्टर साहब है, एडिशनल कलेक्टर साहब है, कमिशनर है उनको बोलिये, किसी को भी बोलने से कुछ नहीं होना है। जो प्रतिबद्ध है उद्योगो के लिये, जो प्रतिबद्ध है संविधान के उल्लंघन के लिये, जो प्रतिबद्ध है हत्या करने के लिये चाहे सड़को से, चाहे प्रदूषण से फैले बीमारियों से वो सिर्फ मनुष्यों की हत्या नहीं कर रहे है जैव मण्डल के सारे प्राणी उनसे त्रस्त है। मैं प्रकृति से भी आहवाहन करता हूँ कि वो अपने शक्तियों को जागृत करे वो चाहे किसी भी परिस्थिति में जागृत हो जैसे कोरोना आया वो कोरोना सत्य था लेकिन राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक उस शक्ति के नतमस्तक हो गये, क्योंकि डब्ल्यू.एच.ओ. ने बोल दिया कि ये बीमारी है। जिस देश में 3 वर्ष पहले उस वायरस के पी.पी.ई. किट खरीद लिये जाते है पुरे विश्व में उसका खरीदी हो जाता है और बाद में वो बीमारी लांच होता है जैसे फिल्म में लांच होता है वैसे लांच होता है। और अब निरंत बीमारी लांच होते रहेंगे और वेक्सिन आपको लगता रहेगा और आप हार्ट अटैक, किडनी फेलियर और

Asalu

(42)

ज्यादा है तो डॉक्टर के पास बहुत सारे शब्द है, पुरा आपका सिस्टम ध्वस्त हो गया तो इस ध्वस्त होने के जो कारण है उसमें ये कारण भी है ये वातावरण, ये प्रदूषण। इस पृथ्वी में जहां–जहां प्रदूषण फैला है वहा जल जीव पृथ्वी में रहने वाले, आकाश में रहने वाले विलुप्त हो गये है, तो ये चला रहे है वैश्विक स्तर पर जो 8 अरब की आबादी को 50 करोड़ में 20–25 वर्षो में निकाल देंगे क्योंकि अब रोबोट काम करेगा उस समय पीठासीन अधिकारी का भी जो आने वाली पिढ़ी है, मेरी भी जो पिढ़ी है वो नहीं बचेंगे। उस चरखे में हमारे सारे रस निकल दिये जायेंगे और छिलका उस तरफ पार हो जायेगा। आप खुद सोच लीजिये आप सुरक्षित है, कोई सुरक्षित नहीं है। प्राकृतिक शक्तियां ही अब नियंत्रित करेगी या फिर सशस्त्र क्रांति। मैं इस जिले के, इस राज्य के और इस देश के लोगो से आहवान करता हूँ कि वो शस्त्र उठाये चाहे उनके हाथ लकड़ी है तो लकड़ी उठाये और प्रशासनिक जो आतंकवाद है और औद्योगिक आतंकवाद है उसका विरोध करें। इस जनसुनवाई का विरोध कर रहा हूँ। पीठासीन अधिकारी को तो मैं बोलते चला आया आप निरस्त कर दीजिये, नियम का पालन नहीं कर रहे है वो मौन हो जाते है, हमारा काम है कलेक्टर साहब बोल दिये है, हम आ गये है तो अब जो होना है अगर जिंदगी के लिये लड़ना है तो कानुन की भाषा में अपराध है तो अगली बार अपराध मैं करूंगा।

545. पितन कुमार, भैंसगढ़ी – मेसर्स सालासर स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

546. भोजराम भठ्ठ – मेसर्स सालासर स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है। लोगों को जो सालासर कंपनी से जो सुविधा मिल रही थी।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 02:45 बजे कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये ज्वलंत मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी कंसलटेंट श्री सुधीर सिंह, सालासर स्टील एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड की ओर से तथा पाईनियर इन्वायरो, हैदराबाद की ओर से इस जनसुनवाई में उपथित अपर कलेक्टर महोदय, क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल तथा उपस्थित अन्य अधिकारीगण और पुलिस प्रशासन, साथ ही जिन वक्ताओं ने यहा पर टीका, टीप्पणी, आपत्ति और सुझाव दिये है उन सभी के लिये मैं धन्यवाद प्रेषित करता हूँ। हमारे द्वारा जो क्षमता विस्तार प्रस्तावित है उसके तहत में ये जनसुनवाई की जा रही है जिसमें जो मुद्दे उठाये गये है उनका बिन्दुवार मै। जवाब देना चाहता हूँ। इसी तारतम्य में मैं यह बताना चाहुंगा कि जो पाईनियर इन्वायरो लोबोरेट्रिज के वेलेडिटी के बारे में एक प्रश्न आया था सबसे पहले मैं उसी के बारे में बताना चाहुंगा, जिस समय हमने ई.आई.ए. प्रस्तुत किया था उस समय हमारी वैधता अप्रेल 2023 तक थी और बढ़कर सितम्बर 2025 तक है

43

वर्तमान में। आगे पर्यावरण प्रदूषण के बारे में मैं बताना चाहुंगा हमारे द्वारा प्रस्तावित संयंत्र में स्पंज ऑयरन उत्पादन इकाई, पैलेट उत्पादन इकाई में ई.एस.पी. की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है इसके साथ ही जो प्रस्तावित इण्डक्शन फर्नेस इकाई और फेरो एलायज उत्पादन इकाई में बैग फिल्टर की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है, जो उपकरण लगेंगे उसकी दक्षता जो पार्टिकुलेट मेटर निकलेंगे उसकी क्षमता 30 मिलीग्राम सामान्य घनमीटर के अनुरूप होगी। दूषित जल के उपचार के लिये हमारे द्वारा ई.टी.पी. की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है और औद्योगिक दूषित जल को ई.टी.पी. में उपचारित कर डस्ट सप्रेशन, ईट निर्माण और ऐश कंडशनिंग में परिसम में ही पुर्नउपयोग किया जायेगा, बाहर किसी भी प्रकार के दूषित जल का उत्सर्जन नहीं किया जायेगा साथ ही घरेलू दूषित जल जो निकलेगा उसका उपचार सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट में करके सिंचाई के उपयोग में किया जायेगा ये भी परिसर के अंदर ही किया जायेगा बाहर किसी भी प्रकार का निस्तारण नहीं किया जायेगा। वर्तमान में हमारे द्वारा जो संचालित इकाई है उसमें 273 लोगों का नियोजन किया गया है इसमें 252 व्यक्ति लोकल छत्तीसगढ़ से है, इसके अतिरिक्त प्रस्तावित इकाई में हमारे द्वारा 350 व्यक्तियों का नियोजन किया जाना प्रस्तावित है ये डायरेक्ट इम्प्लाईमेंट रहेगा और इनडायरेक्ट इम्प्लाईमेंट लगभग 500 व्यक्तियों का रहेगा, कुल 850 व्यक्तियों का नियोजन प्रस्तावित इकाई में किया जाना प्रस्तावित है। वन्य जीवों के बारे में बताया गया था कि हम लोगो ने अध्ययन नहीं किया है इसके बारे में मैं यह बताना चाहुंगा कि वाईल्ड लाईफ कंजरवेशन प्लान या हाथी प्रभावित क्षेत्र जो है उसके लिये अध्ययन किया गया है और इसमें हमारे द्वारा 10 अलग–अलग वर्षो में कुल 39,52,000 का राशि का व्यय किया जाना प्रस्तावित था जो हमे रिकम्न्डेशन मिला है फारेस्ट डिपार्टमेंट से वो एकमुश्त राशि में जमा करने के लिये बोला है। रिकम्न्डेशन भी हमारा एप्रुव्ड हो गया है और जब हम फाईनल ई. आई.ए. सबमिट करेंगे उसमें हमारे पास रिकम्न्डेशन है। डी.एम.एफ. फंड इण्डस्ट्रीयल इकाई में लागू नहीं होता है। सी.एस.आर. कंपनी विथड्रा के अनुरूप किया जाता है और आगे भी किया जायेगा, इसके अतिरिक्त जो पर्यावरण नियमानुसार जो कार्पोरेट इन्वायरमेंटल रिस्पासिबिलीटी है उसमें भी सामाजिक विकास कार्यो का निर्वहन किया जायेगा। ये जो नियम 45 दिन का है वो जनसुनवाई होकर परियोजना प्रस्तावक का प्रपोजल फाईनल ई.आई.ए. के लिये एम.ओ.ई.एफ. में चला जाये उसके लिये ये समय–सीमा निर्धारित की गई थी, ऐसी कोई बाध्यता ई.आई.ए. नोटिफिकेशन में नहीं है कि 45 दिन के अंदर ही करा कर वहा पर जाना है ये परियोजना प्रस्तावक के मदद के लिये ये लिमिट डिफाईन की गई है। हमारे द्वारा वर्तमान में एक तिहाई में ही वृक्षारोपण किया गया है और वर्तमान में लगभग 11,000 नग वृक्ष रोपित है, 425 जो फिगर दिया गया है ई.आई.ए. रिपोर्ट में वो नंबर जो ट्रांसलोकेशन जो वृक्षो को ट्रांसलोकशन करके दूसरे जगह विस्थापित करना है उन वृक्षों की संख्या के बारे में वर्णन है उसके 1 वृक्ष के अगेंस में हमारे द्वारा 5 वृक्षो का रोपण किया जायेगा। हमको पूर्व में ही 3.65 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रतिवर्ष की अनुमति प्रदान की गई थी और हमारी विस्तार इकाई का जो रिक्वायरमेंट है वो उसी से लिया जायेगा हमें अतिरिक्त किसी भी प्रकार से वाटर रीसोर्सेस डिपार्टमेंट से लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। टोपोसिट एवं इनवायरमेंटल सेंसिविटी चेप्टर 2 में हमारे द्वारा दी गई है। युवाओं का जो सुझाव था कि ओपन जीम और स्कील डेवलपमेंट के लिये हम लोग सी.एस.आर. मद और सी.ई.आर. मद से जो भी मदद हो सकती है किया जायेगा।

(५५)

सुनवाई के दौरान 37 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 07 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। लोक सुनवाई में लगभग 600 लोगों का जन समुदाय एकत्रित हुआ। उपस्थिति पत्रक पर 112 लोगों ने हस्ताक्षर किये। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई है। लोक सुनवाई में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद! आज की लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की जाती है।

(अंकुर साहू)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़

(राजीव पाण्डेय)
अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)